Question Bank -I

Session : 2017-18

Class : 8 , Subject : Hindi 

## व्याकरण - खण्ड

I. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए:

(1) जिस समय आचार्यों ने नाट्यशास्त्र- संबंधी नियम बनाए थे उस समय सर्वसाधारण की भाषा संस्कृत न थी (वाक्य- भेद बताइए)

(2) आजकल हम लोग मिट्टी के गोले बना के सुखा देते हैं। (मिश्र वाक्य में बदलें)

(3) नेताजी की मूर्ति बनाने का काम स्थानीय कलाकार ने मजबूरी में किया। (संयुक्त वाक्य में बदलें)

(4) कुछ भी सीखना हो तो बाहर जाना जरूरी नहीं। (वाक्य का भेद बताइए)

(5) इस नहर को अनेक गुमनाम और अनपढ़ माने गए लोगों ने बनाया था। (मिश्रवाक्य में बदलिए)

(6) उन्हें लगता था कि नमक कर एक सामान्य सा मुद्दा है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(7) वे उन सब लोगों से मिले, जो मुझे जानते थे। (सरल वाक्य में बदलिए)

(8) पंख वाले चींटे या दीमक वर्षा के दिनों में निकलते हैं। (वाक्य का भेद लिखिए)

(9) आषाढ़ की एक सुबह एक मोर ने मल्हार के मियाऊ -मियाऊ को सुर दिया था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(10). आनंद और मयंक जैसे ही स्टेशन पर पहुँचे वैसे ही गाड़ी चल पड़ी। (वाक्य का भेद बताइए)

(11). उसने घर पहुँच कर अपने पूज्य पिताजी के पैर छुए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(12). दीनानाथ एक विद्यार्थी है और कल सभा में अच्छा भाषण दे रहा था। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(13) ये वही हथियार हैं जो आतंकियों से बरामद हुए थे। (सरल वाक्य में बदलिए)

(14) छतरी वाले आदमी को बुलाओ। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(15) सँन्यासी आशीर्वाद देकर लापता हो गया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

II. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तित कीजिए:

(1) सभी बच्चों ने गीत गाए। (कर्मवाच्य में)

(2). यह मेज मुझ से टूट गई। (कर्तृवाच्य में)

(3) तुम्हें क्या हुआ, तुम पढ़ नहीं सकते? (भाववाच्य में)

(4) यहाँ रातभर कैसे सोया जाएगा ? (कर्तृवाच्य में)

(5) दादाजी के द्वारा हम सबको पुस्तकें दी गई। (कर्तृवाच्य में)

(6) उससे चला नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में)

(7) वह तो उठ भी नहीं सकती। (भाववाच्य में)

Pg 2

(8). उन्होंने उछलकर डोर पकड़ ली। (कर्मवाच्य में)

(9) फुरसत में मैना खूब रियाज़ करती है। (कर्मवाच्य में)

(10) ~~फ़ारखाओं~~ द्वारा गीतों को सुर दिया जाता है। (कर्तृवाच्य में)

(11) बच्चा साँस नहीं ले पा रहा था। (भाववाच्य में)

(12) दो-तीन पक्षियों द्वारा अपनी-अपनी लय में एक साथ कूदा जा रहा था। (कर्तृवाच्य में)

(13) मैं आम खाता हूँ। (कर्मवाच्य में)

(14) अब बैठा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में)

(15). मुझसे पढ़ा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में)

(16) वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। (कर्मवाच्य में)

III. रेखांकित पदों का पद-परिचय दीजिए :

(1) बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने खेत में धान रोप रहे हैं।

(2) कब्रिस्तान की भूमि को लेकर छोटे-मोटे तनाव होते हैं। एक ऐसे ही अवसर पर मुझे पंचायत में शामिल होना पड़ा।

(3) मनुष्य केवल भोजन करने के लिए जीवित नहीं रहता है, बल्कि वह अपने भीतर की सूक्ष्म इच्छाओं की तृप्ति भी चाहता है।

(4) मोहित बगीचे में घूम रहा है।

(5) वाह! कितने सुन्दर फूल खिले हैं।

(6) मैं शाम को मित्रों के साथ बैडमिंटन खेलता हूँ।

IV. (क) निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर उनमें निहित रस पहचानकर लिखिए :

1. उपयुक्त उस खल को न यद्यपि मृत्यु का भी दंड है,
पर मृत्यु से बढ़कर न जग में दंड और प्रचंड है।
अतएव कल उस नीच को रण-मध्य जो मारूँ न मैं,
तो सत्य कहता हूँ कभी शस्त्रास्त्र फिर धारूँ न मैं।

2. वह आता-
दो टूक कलेजे के करता पछताता
पथ पर आता
पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक

3. श्रीकृष्ण के सुन वचन अर्जुन क्रोध से जलने लगे।
सब शोक अपना भूलकर करतल युगल मलने लगे।

Scanned by CamScanner

(4) कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात
भरे भौंन में करत हैं, नैननि ही सौं बात।
(5) एक ओर अजगरहिं लखि एक ओर मृगराय।
विकल बटोही बीच ही, पर्यो मूरछा खाय।।
(6) एक मित्र बोले "लाला तुम किस चक्की का खाते हो?
इतने महँगे राशन में भी, तुम तोंद बढ़ाए जाते हो।"
(7) नीचे नील समुद्र मनोहर, ऊपर नील गगन है।
घन पर बैठ बीच में विचरूँ, यही चाहता मन है।
(8) उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान।

(ख) (1) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है?
(2) शृंगार रस का स्थायी भाव लिखिए।
(3) वीभत्स रस का आलम्बन विभाव लिखिए।
(4) वात्सल्य रस का उद्दीपन विभाव बताइए।
(5) 'भयंकर जीव, दृश्य, शत्रु आदि को देखकर भय जाग्रत होना' किस रस का लक्षण है?
(6) अद्भुत रस का स्थायी भाव बताइए।
(7) करुण रस का एक उदाहरण लिखिए।

## लेखन-कौशल

V. (1) अपनी गलतियों पर पश्चाताप करते हुए अपनी माताजी को एक पत्र लिखकर उन्हें आश्वासन दिलाइए कि फिर ऐसा नहीं होगा।
(2) मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के भूलवश छूटे एक लाख बीस हज़ार रुपए मेट्रो पुलिस ने उसे सुरक्षित लौटा दिए। इस समाचार को पढ़कर जो विचार आपके मन में आते हैं, उन्हें किसी समाचार-पत्र के संपादक को एक पत्र के रूप में लिखिए।
(3) अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए प्राथमिक शिक्षक के पद हेतु अपने ज़िले के शिक्षा-अधिकारी को एक आवेदन-पत्र लिखिए।
(4) दूरदर्शन के महानिदेशक को राष्ट्रीय एकता संबंधी अच्छे कार्यक्रम प्रसारित करने हेतु एक पत्र लिखिए।

कृ.प्र.उ.

Scanned by CamScanner

VI. निबंध – 1. आधुनिक नारी और सुरक्षा :

- भूमिका
- महानगरों में महिलाओं की स्थिति
- सुरक्षा के उपाय - आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कानूनी जानकारी
- उपसंहार ।

2. स्वच्छता अभियान :

- प्रस्तावना
- स्वच्छता अभियान की महत्ता
- प्रभाव
- उपसंहार ।

VII. 1. वाटर प्यूरीफायर की विशेषताओं को प्रकट करते हुए उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

2. आपकी बहन ने संगीत की कक्षा आरंभ की है। इस हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

[टिप्पणी (Note) :- प्रश्न-कोष (Question-Bank) से संबंधित समस्या के समाधान हेतु विषयाध्यापिका – श्रीमती रक्षा सिंह अथवा सुषमा कु॰ वैष्णव से सम्पर्क किया जा सकता है।]

Scanned by CamScanner